# हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की कार्य परिषद की दिनांक 07.07.2026 को अपरान्ह 11.30 बजे सम्पन्न 38वीं बैठक का कार्यवृत्त

बैठक में निम्नलिखित उपस्थित हुये:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **प्रो0 समशेर**<br>मा0 कुलपति, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | **प्रो0 अनिरूद्ध भालचन्द्र पंडित**<br>मा0 कुलपति<br>रसायनिक प्रौद्योगिकी संस्थान, मुम्बई<br>नियर खालसा कालेज, माटुंगा ईस्ट, मुम्बई–400019<br>(अध्यक्ष, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के प्रतिनिधि) | सदस्य (वीडियो कान्फेन्सिंग) |
| 3. | **श्री विनोद कुमार**<br>विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन<br>(प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन के नामित प्रतिनिधि) | सदस्य (वीडियो कान्फेन्सिंग) |
| 4. | **प्रो0 योगेश एम0 जोशी**<br>आचार्य, केमिकल इंजी0 विभाग,<br>आई0आई0टी0, कानपुर<br>(निदेशक, आई0आई0टी0, कानपुर द्वारा नामित सदस्य) | सदस्य (वीडियो कान्फेन्सिंग) |
| 5. | **श्रीमती यज्ञेश सिंह**<br>अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, कानपुर मण्डल, कानपुर।<br>(अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग के द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 6. | **प्रो0 एस0पी0 चौरसिया**<br>एम0एन0आई0टी0,<br>जयपुर | सदस्य |
| 7. | **श्री नवनीत घिडिया**<br>एम0डी0 ईवा एक्जोटिका प्राईवेट लिमिटेड,<br>कोलकता | सदस्य (वीडियो कान्फेन्सिंग) |
| 8. | **प्रो0 एस0के0 सिंह**<br>आचार्य,<br>दिल्ली टेक्निकल युनिवर्सिटी<br>दिल्ली। | सदस्य (वीडियो कान्फेन्सिंग) |

Scanned with OKEN Scanner

| | | |
|---|---|---|
| 9. | प्रो0 डी0 परमार<br>प्रति–कुलपति, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 10. | निदेशक, आई0आई0आई0टी0 प्रयागराज, उ0प्र0 | सदस्य<br>(वीडियो<br>कान्फेन्सिंग) |
| 11. | **श्री एस0के0 कटियार**<br>वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 12. | **प्रो0 वन्दना दीक्षित कौशिक**<br>अधिष्ठाता, शैक्षिक कियाकलाप<br>एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 13. | **श्री अमित कुमार राठौर**<br>कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | सदस्य–सचिव |

बैठक में निम्नोक्त उपस्थित नहीं हो सके:

| | | |
|---|---|---|
| 1 | **प्रो0 जे0पी0 पाण्डेय**<br>मा0 कुलपति, डा0 ए0पी0जे0अ0क0 प्राविधिक विश्वविद्यालय<br>लखनऊ | सदस्य |
| 2 | **डा0 राजेश प्रकाश**<br>क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, कानपुर मण्डल<br>(प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नामित सदस्य) | सदस्य |
| 3 | **श्री यादवेन्द्र सिंह**<br>मैनेजिंग डायरेक्टर, ग्रोमोर इण्टरनेशनल लि0<br>कानपुर | सदस्य |

मा0 अध्यक्ष, कार्यपरिषद द्वारा बैठक में ऑनलाईन/ऑफलाईन प्रतिभाग करने वाले समस्त सदस्यों का बैठक में स्वागत किया गया। स्वागतोपरान्त कार्यपरिषद की विगत में सम्पन्न 37वीं बैठक दिनांक 02/06/2026 के उपरान्त विश्वविद्यालय में हुई विभिन्न गतिविधियों से मा0 सदस्यों को अवगत कराने के क्रम में मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा हर्ष के साथ अवगत कराया गया कि इण्डिया टुडे द्वारा 28 जून, 2026 को प्रकाशित रैंकिंग में इंजीनियरिंग कैटेगरी में ओवरआल में देश में 22 तथा प्रदेश में आई0आई0टी0 कानपुर के बाद दूसरा तथा शासकीय इंजी0 संस्थानों में देश में 18वॉं तथा प्रदेश में आई0आई0टी0

Scanned with OKEN Scanner

के बाद दूसरा स्थान मिला है। विश्वविद्यालय में 26 प्रोजेक्ट सेन्ट्रल/स्टेट फण्डेड चल रहे हैं। दिनांक 05 जून, 2026 को रिलीज हुई ग्लोबल साइन्टिस्ट इन्डेक्स में विश्वविद्यालय के 17 शिक्षक टाप 5 प्रतिशत में शामिल हैं। इस सफलता हेतु मा0 अध्यक्ष महोदय ने कार्य परिषद के सम्मानित सदस्यों को नीति निर्धारण एवं कार्यान्वयन में सहयोग के लिये आभार व्यक्त किया और धन्यवाद दिया। मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा माननीय कुलाधिपति एवं राज्यपाल महोदया एवं मा0 मंत्री, प्राविधिक शिक्षा को उनके सतत मार्गदर्शन एवं सहयोग हेतु हृदय से आभार व्यक्त करते हुये धन्यवाद दिया गया। विश्वविद्यालय को प्राप्त इस सफलता हेतु मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति, अधिष्ठाताओं, विभागाध्यक्षों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्रों को उनके सहयोग हेतु धन्यवाद दिया। तद्पश्चात मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा कार्य परिषद् की विगत एवं वंर्तमान बैठक के मध्य सम्पन्न गतिविधियों से अवगत कराया गया कि वर्तमान शैक्षिक सत्र निर्धारित ऐकेडमिक कलेण्डर के अनुसार तय समय से लगभग पूरा हो गया है। सभी परीक्षा परिणाम घोषित हो चुके हैं। प्रथम वर्ष के अतिरिक्त सभी विधाओं का शैक्षिक सत्र 27 जुलाई से शुरू हो रहा है तथा प्रथम वर्ष का शैक्षिक सत्र 17 अगस्त से शुरू हो रहा है। शिक्षकों की कमी को पूरा करने के लिए कार्यपरिषद की 37वीं मीटिंग में नये SFS पाठ्यक्रमों के लिये पदों का सृजन करने के बाद SFS एवं विश्वविद्यालय फण्डेड पाठ्यक्रमों हेतु असि0 प्रोफेसर (Contract) का विज्ञापन दे दिया गया है, जिसमें आवेदन करने की अन्तिम तारीख 26/06/2026 थी, अभी स्क्रीनिंग प्रक्रिया चल रही है तथा लिखित परीक्षा 19 जुलाई तथा साक्षात्कार 25 जुलाई से निर्धारित है। ऑयल विभाग की एक लैब को NABL से प्रत्यायन करने के लिये सभी प्रकियाएं पूरी कर ली गयी है तथा NABL की टीम 22–23 अगस्त, 2026 को लैब विजिट करेगी। शैक्षिक सत्र 2025–26 में सेवायोजन लगभग 80 प्रतिशत रहा। विश्वविद्यालय का अष्टम् दीक्षान्त समारोह 10 जुलाई, 2026 को होना निर्धारित है। दीक्षान्त समारोह सम्बन्धी तैयारियॉ चल रही हैं। अपने गौरवशाली छात्र श्री राजेन्द्र कुमार जालान दीक्षान्त समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। इस दीक्षान्त समारोह में 03 कुलाधिपति तथा 44 कुलपति पदक एवं एक स्पांसर्ड मेडल प्रमोद चतुर्वेदी मेमोरियल एवार्ड दिया जायेगा। विश्वविद्यालय के 8वें दीक्षान्त समारोह के

Scanned with OKEN Scanner

दौरान पाठ्यक्रम बी0टेक0 में 583, एम0सी0ए0 में 73, एम0टेक0 में 53, एम0एस0सी0 में 40, बी0बी0ए0 में 48, एम0बी0ए0 में 181, पी0एच0डी0 में 15 (टोटल 993), माइनर डिग्री 75 इस प्रकार कुल 1068 डिग्री छात्रों को दी जायेंगी। विश्वविद्यालय के इस गरिमामय दीक्षान्त कार्यक्रम में विश्वविद्यालय परिवार की ओर से आप सभी सम्मानित सदस्य कार्यक्रम की शोभा बढाने हेतु आमंत्रित हैं। आगामी सत्र में 60 सीट AI/ML, 60 सीट बी0बी0ए0, 60 सीट बी0टेक0 बायोटेक0, 60 सीट बी0एस0एम0एस0, 60 सीट बीफार्मा में बढने से छात्र क्षमता बढेगी जो वर्ष 2021 की छात्र क्षमता 2600 से बढ़कर वर्ष 2027 में 5500 हो जायेगी। विश्वविद्यालय द्वारा तैयार ERP मॉड्यूल, Hostel Management System (HMS) तथा First Year Student की ब्रान्च चेन्ज मॉड्यूल तैयार कर लिया गया है तथा आगामी सत्र में प्रयोग में लाया जायेगा।

प्रो0 योगेश एम0 जोशी (निदेशक, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर नगर के नामित प्रतिनिधि) तथा अन्य सभी मा0 सदस्यों द्वारा मा0 अध्यक्ष, कार्यपरिषद द्वारा प्रस्तुत प्रगति आख्या पर विश्वविद्यालय प्रशासन, अधिष्ठातागणों, विभागाध्यक्षगणों, संकाय सदस्यों तथा स्टाफ की भूरि–भूरि प्रशंसा और सराहना की गयी।

मा0 अध्यक्ष कार्यपरिषद एवं मा0 कुलपति महोदय द्वारा विश्वविद्यालय की प्रगति आख्या के उपरान्त प्रत्येक कार्यपरिषद बैठक में विश्वविद्यालय के एक विभाग द्वारा उस विभाग में उपलब्ध सुविधाओं और भविष्य की योजनाओं के सम्बन्ध में प्रेजेन्टेशन दिये जाने के क्रम में डा0 आशीष त्रिवेदी, विभागाध्यक्ष, मैनेजमेन्ट स्टडीज विभाग द्वारा विभाग की प्रगति एवं भविष्य की योजनाओं के सम्बन्ध में विभागीय प्रस्तुतिकरण दिया गया। प्रस्तुतिकरण में मैनेजमेन्ट स्टडीज विभाग की प्रस्तुत आख्या पर कार्य परिषद् द्वारा संतोष व्यक्त करते हुए विभाग के शोध कार्यो हेतु प्रशंसा की गयी।

मा0 अध्यक्ष, कार्यपरिषद द्वारा प्रस्तुत प्रगति आख्या एवं मैनेजमेन्ट स्टडीज विभाग के प्रस्तुतिकरण के उपरान्त 38वीं बैठक के मदों पर चर्चा प्रारम्भ हुई।

Scanned with OKEN Scanner

मद सं0 38.01 : **हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की कार्यपरिषद की दिनांक 02.06.2026 को सम्पन्न 37वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

दिनांक 02.06.2026 को सम्पन्न कार्य परिषद की 37वीं बैठक के कार्यवृत्त को मा0 सदस्यों की टीकाओं हेतु प्रेषित किया गया था। प्रेषित कार्यवृत्त पर किसी भी सदस्य की टीका प्राप्त नहीं हुयी थी। अतः, कार्यपरिषद द्वारा दिनांक 02/06/2026 को सम्पन्न 37वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण किया गया।

मद सं0 38.02 : **हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर कार्यपरिषद की दिनांक 02.06.2026 को सम्पन्न 38वीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

कार्य परिषद ने दिनांक 02.06.2026 को सम्पन्न कार्य परिषद की 37वीं बैठक में लिये गये निर्णयों में कृत कार्यवाही का संज्ञान लिया और संतुष्टि व्यक्त की गयी।

मद सं0 38.03 **विश्वविद्यालय की वित्त समिति की दिनांक 29/06/2026 को सम्पन्न 32वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान करने के सम्बन्ध में।**

कार्यपरिषद द्वारा विश्वविद्यालय की वित्त समिति की दिनांक 29.06.2026 को सम्पन्न 32वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद सं0 38.04 **विश्वविद्यालय की विद्यापरिषद की दिनांक 30/06/2026 को सम्पन्न 28वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान करने के सम्बन्ध में।**

कार्यपरिषद द्वारा विश्वविद्यालय की विद्या परिषद की दिनांक 30.06.2026 को सम्पन्न 28वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

Scanned with OKEN Scanner

मद सं0 38.05 **विश्वविद्यालय के विभिन्न शैक्षिक विभागों एवं स्वःवित्तपोषित पाठ्यक्रमों में Assistant Professor (on Contract)- University funded & SFS Programme आबद्ध किये जाने हेतु निर्गत विज्ञापन पर कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।**

विश्वविद्यालय के विभिन्न शैक्षिक विभागों एवं स्वःवित्तपोषित पाठ्यक्रमों में पठन–पाठन हेतु Assistant Professor (on Contract)- University funded & SFS Programme पदों पर नियुक्तियों हेतु विश्वविद्यालय द्वारा किये गये विज्ञापन संख्या 249/Admn/OTTSC/APC Advt-1/2026 दिनांक 05.06.2026 पर कार्यपरिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद सं0 38.06 **विश्वविद्यालय में शैक्षिक पदों पर चयन हेतु विशेषज्ञों के नामों के पैनल पर अनुमोदन के सम्बन्ध में।**

शैक्षिक सत्र 2026–27 के लिए Assistant Professor (on Contract)- University funded & SFS Programme आबद्ध किये जाने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत विज्ञापन संख्या 249/Admn/OTTSC/APC Advt-1/2026 दिनांक 05.06.2026 के सापेक्ष नियुक्ति प्रकिया में प्रयोग के लिए पूर्व में कार्यपरिषद से अनुमोदित विषय विशेषज्ञों के पैनल को तथा बायो टेक्नालॉजी विभाग एवं फार्मास्युटिकल सांइसेज विभाग हेतु विषय विशेषज्ञों की सूची जो दिनांक 30/06/2026 को सम्पन्न विद्यापरिषद से अनुमोदित है, को कुलाधिपति महोदया को प्रेषित किये जाने की कृत कार्यवाही पर कार्यपरिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद सं0 38.07 **विज्ञापन संख्या 249/Admn/OTTSC/APC Advt-1/2026 दिनांक 05.06.2026 के सापेक्ष शैक्षिक सत्र 2026–27 के लिए चयनित Assistant Professor (on Contract)- University funded & SFS Programme को ऑफर लैटर जारी किये जाने हेतु अनुमोदन पर विचार।**

विज्ञापन संख्या 249/Admn/OTTSC/APC Advt-1/2026 दिनांक 05.06.2026 के सापेक्ष चयन प्रकिया पूर्ण हो जाने के उपरान्त सत्र 2026–27 के प्रारम्भ होने

Scanned with OKEN Scanner

के दृष्टिगत चयन समितियों से प्राप्त होने वाले संस्तुतियों के बन्द लिफाफों को खोलने तथा चयनित अभ्यर्थियों को आफर लैटर निर्गत किये हेतु अध्यक्ष, कार्यपरिषद को अधिकृत किया गया।

कार्यपरिषद द्वारा यह भी निर्देश प्रदान किये गये कि उपरोक्त प्रकार से सम्पन्न कार्यवाही को कार्यपरिषद की आगामी बैठक में संज्ञानार्थ प्रस्तुत किया जाय।

मद सं0 38.08 **विश्वविद्यालय के अन्तर्गत संचालित स्कूल ऑफ इन्टरप्रन्योरशिप एण्ड मैनेजमेन्ट (SOEM) में कार्यरत शिक्षकों को सप्तम वेतन आयोग की संस्तुतियां लागू किये जाने पर विचार।**

विश्वविद्यालय के मैनेजमेन्ट स्टडीज विभाग के शिक्षकों एवं गैर शैक्षिक कर्मचारियों हेतु निम्न शर्तो के अधीन सप्तम वेतन आयोग की संस्तुतियों को लागू किये जाने पर कार्यपरिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया:

- सभी वित्तीय व्यय एसओईएम के कोष से वहन किए जाएंगे।
- शासनादेश क्रमशः दिनांक 18/22 नवम्बर, 2019 एवं 22/12/2016 में निहित पद्धति से वेतन निर्धारण किया जाएगा। इसे 01.06.2026 से लागू किया जाएगा।
- दिनांक 01.06.2026 के पूर्व की सेवाओं के लिए कोई बकाया राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा।
- समस्त व्यय शासनादेश में निहित मद हेतु व्यय सीमा फीस के 75 प्रतिशत के अन्तर्गत ही किया जाएगा।

मद सं. 38.09 **विश्वविद्यालय के कार्यशाला अधीक्षक के पद को ''कैरियर एडवान्समेन्ट स्कीम'' से आच्छादित करने पर विचार।**

विश्वविद्यालय के कार्यशाला अधीक्षक पद को कैरियर एडवान्समेंट स्कीम से आच्छादित किये जाने के प्रस्ताव पर विचारोपरान्त कार्यपरिषद के सदस्यों में एक राय न होने के दृष्टिगत यह निर्णय लिया गया कि सम्पूर्ण प्रकरण को प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन को सन्दर्भित कर दिया जाय।

Scanned with OKEN Scanner

मद सं0 38.10 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से किसी अन्य मद पर विचार।

मद सं0 38.10.01 विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के वर्ष 2025–26 के परीक्षा परिणाम के विश्लेषण का अवलोकन।

कार्यपरिषद द्वारा दीक्षान्त समारोह में डिग्री प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं की सूची का संज्ञान लिया गया एवं शैक्षिक सत्र 2025–26 के परीक्षा परिणाम विश्लेषण का भी अवलोकन किया गया।

कार्यपरिषद द्वारा छात्रों के परीक्षा परिणाम में द्वितीय श्रेणी प्राप्त छात्रों की संख्या पर चिन्ता प्रकट की गयी और संबंधित विभागाध्यक्षों को इस चिन्ता से अवगत कराते हुए इसमें सुधार हेतु आवश्यक प्रयास के निर्देश प्रदान किये गये।

**मद सं0 38.10.02 श्री जय प्रकाश नायक, सहायक आचार्य, सिविल इंजी0 विभाग के सेवा संबंधी प्रकरण पर विचार।**

कार्यपरिषद द्वारा श्री जय प्रकाश नायक, सहायक आचार्य, सिविल इंजीनियरिंग विभाग को सेवा संबंधी समस्त लाभ प्रदान करने हेतु इस शर्त के साथ अनुमोदन प्रदान किया गया कि इनकी सेवाएं मा0 उच्च न्यायालय लखनऊ खण्डपीठ में लम्बित वाद संख्या 10683/2014 के अधीन रहेंगी।

**मद सं0 38.10.03 विश्वविद्यालय में वर्ष 2026 हेतु Research Excellence Award हेतु समिति द्वारा संस्तुत शिक्षकों के नामों पर अनुमोदन पर विचार।**

वर्ष 2026 के लिए Research Excellence Award दिये जाने हेतु शिक्षकों के निम्नोक्त नामों पर कार्यपरिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया:

1. Prof. Ashish Kapoor, Chemical Engg.
2. Dr. Dan Bahadur Pal, Chemical Engg.
3. Prof. S.V.A.R. Sastry, Chemical Engg.
4. Prof. Adarsh Kr. Arya, Chemical Engg.

Scanned with OKEN Scanner

5. Prof. G.L. Devnani, Chemical Engg.
6. Prof. Santosh Kumar, Chemistry
7. Prof. Krishna Kumar, Chemistry
8. Prof. Anita Yadav, Computer Sc. & Engg.
9. Prof. Raghuraj Singh, Computer Sc. & Engg.
10. Prof. Rajesh Kr. Verma, Mechanical Engg.
11. Prof. Nishant Kr. Singh, Mechanical Engg.
12. Prof. U.P. Singh, Mathematics
13. Prof. Rekha Bali, Mathematics
14. Dr. Shivam Shreevastava, Mathematics
15. Dr. Sachin Kumar, Biochemical Engg.
16. Dr. Shravan Kumar, Biochemical Engg.
17. Prof. Anurag Singh, Food Tech.

बैठक अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव के साथ समाप्त हुयी।

(अमित कुमार राठौर)
सदस्य–सचिव

कार्यालय –कुलसचिव
हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय
कानपुर– 208002

संख्याः457/अदम/ओटीटीएससी/कार्यपरि0–38वीं कार्यवृत्त/2026 दिनांकः 07/07/2026

प्रतिलिपिः विशेष कार्याधिकारी, कुलपति कार्यालय, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को मा0 कुलपति/अध्यक्ष, कार्य परिषद के संज्ञानार्थ।

सदस्य–सचिव

Scanned with OKEN Scanner